केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Kendriya Vidyalaya Sangathan
क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ
Regional Office, Lucknow
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन
Under Ministry of Education, Govt. of India
Website : https://rolucknow.kvs.gov.in/

पत्रांक सं. :26331(05)/2021-22/के.वि.सं (ल.क्षे.)/

दिनांक -02.09.2021
ई-मेल

समस्त प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय
(लखनऊ, कानपुर एवं बरेली नगर)

विषय : सत्र – 2021-22 के लिए स्थानीय स्थानांतरण (Local Transfer) करने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में आज क्षेत्रीय शैक्षिक समिति की बैठक में चर्चा उपरांत केन्द्रीय विद्यालय संगठन, लखनऊ संभाग के विभिन्न विद्यालयों से स्थानीय स्थानांतरण (Local Transfer) प्रकरण के अंतर्गत छात्र हित में यह निर्णय लिया गया है कि जनपद लखनऊ, कानपुर एवं बरेली के केन्द्रीय विद्यालयों से स्थानीय स्थानांतरण (Local Transfer) प्रक्रिया सितम्बर-2021 में पूर्ण की जायेगी।

अत: इस संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने विद्यालय के शिक्षकों के माध्यम से अभिभावकों को उक्त सूचना से अवगत करायें तथा विद्यालय के मुख्य द्वार, सूचना पट्ट, व्हाट्सएप ग्रुप, वेबसाइट आदि के माध्यम से व्यापक रूप से इस सूचना का प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें तथा वांछित अभिभावकों से सत्र 2021-22 के लिए स्थानीय स्थानांतरण (Local Transfer) हेतु आवेदन पत्र संलग्न निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 10.09.2021 (शुक्रवार) तक विद्यालय स्तर पर में संग्रह/जमा करवाना सुनिश्चित करें।

➢ **स्थानीय स्थानांतरण (*Local Transfer*) कार्य निष्पादन का चरणबद्ध विवरण :**

- अभिभावक द्वारा तीन प्रतियों में 'आवेदन पत्र' (सहायक दस्तावेजों सहित), विद्यालय (जहाँ वर्तमान में छात्र/छात्रा अध्ययनरत है) में दिनांक 10.09.2021 तक जमा किया जाना है।
- संबंधित प्राचार्य द्वारा सभी आवेदनों की जाँच/संवीक्षा (Scrutiny) एवं अनुशंसा (Recommendation) उपरांत सहायक दस्तावेजों सहित (दो प्रतियों में), दिनांक 16.09.2021 तक विद्यालय (जहाँ स्थानांतरण की मांग की गई है) में जमा किया जाना है।
- विद्यालय प्राचार्य (जहाँ स्थानांतरण की मांग की गई है) द्वारा, सभी आवेदनों को जाँच/संवीक्षा (Scrutiny) एवं अनुशंसा (Recommendation) हेतु सहायक दस्तावेजों सहित (एक प्रति में), संबंधित स्टेशन समन्वयक (Station co-ordinator) को दिनांक 20.09.2021 तक प्रस्तुत किया जाना है।
- स्टेशन समन्वयकों (Station co-ordinator) एवं स्थानीय प्राचार्यों द्वारा विधिवत जाँच की गई (Scrutinized) एवं संस्तुत/अनुशंसित (Recommended) आवेदन (सहायक दस्तावेजों सहित) तथा पूर्ण रूप से भरा गया Annexure-1 (एक्शेल की सॉफ्टकॉपी एवं हस्ताक्षरित मूल प्रति) को अंतिम (Final) रूप से, के.वि.सं. (क्षेत्रीय कार्यालय), लखनऊ में दिनांक 24.09.2021 को जमा किया जाना है।

➢ **नामित स्टेशन समन्वयक (*Station co-ordinator*):**

क्र.सं.	नामित स्टेशन समन्वयक (Station co-ordinator)	संबंधित जनपद का नाम
01	श्री संजय कुमार (प्राचार्य, के.वि. आर.डी.एस.ओ. लखनऊ)	लखनऊ नगर के सभी केन्द्रीय विद्यालयों हेतु
02	श्री विशुन दयाल (प्राचार्य, के.वि. क्र.-2 ए.एफ.एस. चकेरी, कानपुर)	कानपुर नगर के सभी केन्द्रीय विद्यालयों हेतु
03	डॉ. अपर्णा सक्सेना (प्राचार्य, के.वि. एन.ई.आर., बरेली)	बरेली नगर के सभी केन्द्रीय विद्यालयों हेतु

उक्त सभी नामित स्टेशन समन्वयकों से अनुरोध है कि स्थानीय स्थानांतरण प्रक्रिया/बैठक का कार्यवृत्त (Minutes) भी, इस कार्यालय को साथ में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

अत: आप सभी से अनुरोध है कि संलग्न स्थानीय स्थानांतरण सारणी (Schedule) का अवलोकन करें एवं स्थानीय स्थानांतरण प्रक्रिया के सफल आयोजन हेतु समयबद्ध रूप से कार्य निष्पादन करना सुनिश्चित करें।

यह पत्र सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

भवदीया
02/09/2021
(प्रीति सक्सेना)
सहायक उपायुक्त
02/09/2021
सहायक आयुक्त

संलग्नक : यथोपरि।

प्रतिलिपि : वैयक्तिक सहायक, उपायुक्त, के.वि.सं. लखनऊ संभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

पता: केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, सेक्टर–जे, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) - 226024 ई-मेल dcrolucknow@gmail.com दूरभाष : 0522-2745386, 2745535
Add: Kendriya Vidyalaya Sangathan, Regional Office, Sector-J, Aliganj, Lucknow (UP) - 226024. E-mail dcrolucknow@gmail.com, Ph. 0522-2745386, 2745535